A
08-7-2026

## जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बाराबंकी में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनांक 23.06.2026 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त –

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 23.06.2026 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी, बाराबंकी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

1– श्री अन्ना सुदन, मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
2– प्रभागीय वनाधिकारी, बाराबंकी।
3– श्री अमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
4– जिला पंचायत राज अधिकारी, बाराबंकी।
5– अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खण्ड, बाराबंकी।
6– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, बाराबंकी।
7– सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0 / यां0) उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
8– सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लो0नि0वि0, बाराबंकी।
9– समस्त सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
10– श्री एस0एन0 यादव, जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बाराबंकी।
11– श्री अर्जुन सिंह गंगवार, डी0पी0एम0, टीपीआई एजेन्सी, बाराबंकी।
12– स्थानीय प्रतिनिधि, समस्त अनुबन्धित फर्म।

**1–जनपद अन्तर्गत जल जीवन मिशन अन्तर्गत समस्त पेयजल योजनाओं की प्रगति –**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत 849 नग पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में स्थिति निम्नवत प्रस्तुत की गयी –

मै0 पी0एन0सी0–

फर्म द्वारा कुल 356 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 357 नग नलकूप, 3858 किमी0 वितरण प्रणाली, 357 नग शिरोपरि जलाशय, 316 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 172755 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 356 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 357 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3613 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 115 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 292 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 147086 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 499 नग राजस्व ग्रामों में कमीन्शड करते हुए 421 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 1571.50 किमी0 रोड के सापेक्ष 1541.74 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष29.76 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 66 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

मै0 मेघा इंजीनियरिंग–

फर्म द्वारा कुल 328 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 342 नग नलकूप, 3816 किमी0 वितरण प्रणाली, 328 नग शिरोपरि जलाशय, 337 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 163378 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 328 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 342 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 3334 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 52 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 271 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 115023 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 366 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 288 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 1305.75 किमी0 रोड के सापेक्ष 1179.24 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष 126.51 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 36 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

Scanned with OKEN Scanner

मै0 वी0एस0ए0—

फर्म द्वारा कुल 83 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 84 नग नलकूप, 1434 किमी0 वितरण प्रणाली, 84 नग शिरोपरि जलाशय, 72 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 50078 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 83 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 84 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 1389 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 41 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 71 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 46203 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 155 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 72 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 503.60 किमी0 रोड के सापेक्ष 499.55 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष 4.05 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 06 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

मै0 वी0टी0एल0—

फर्म द्वारा कुल 44 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 58 नग नलकूप, 839 किमी0 वितरणप्रणाली,46 नग शिरोपरि जलाशय, 58 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 34529 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 44 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 58 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 808 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 18 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 48 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 26209 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 38 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 24 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 216.17 किमी0 रोड के सापेक्ष 211.39 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष 4.78 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 10 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

मै0 गायत्री—रैमकी(जेवी)—

फर्म द्वारा कुल 38 नग पेयजल योजनाओं अन्तर्गत 50 नग नलकूप, 425 किमी0 वितरण प्रणाली, 39 नग शिरोपरि जलाशय, 50 नग सोलर अधिष्ठापन एवं 20971 नग हाउस कनेक्शन प्रदान किये जाने हैं। जिसके सापेक्ष वर्तमान में 38 नग पेयजल योजनाओं में निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसमें 50 नग नलकूप निर्माण पूर्ण, 423 किमी0 वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य, 21 नग शिरोपरि जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण, 47 नग सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण एवं 20594 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 61 नग राजस्व ग्रामों में कमीशन्ड करते हुए 56 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी 225.64 किमी0 रोड के सापेक्ष 214.68 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अवशेष 10.97 किमी0 रोड की पुर्नस्थापना का कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। पूर्ण पेयजल योजनाओं में से 07 नग पेयजल योजनाएं (O&M) में जा चुकी है।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त राजस्व ग्रामों में पेयजल आपूर्ति शीघ्र प्रारम्भ करना, अवशेष कनेक्शन प्रदान किया जाना एवं रोड को पूर्व की स्थिति में पुर्नस्थापित किया जाना सुनिश्चित करें। सम्बन्धित सहायक अभियन्ता एवं जूनियर इंजीनियर को प्रतिदिन अपने कार्यस्थल पर भ्रमण किये जाने के निर्देश गये है।

2—जेजेएम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतें —

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद अन्तर्गत जेजेएम यू0पी0 पोर्टल पर अत्यधिक मात्रा में कनेक्शन एवं जलापूर्ति सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उक्त पोर्टल पर लम्बित शिकायतों का विवरण निम्नवत है —

Scanned with OKEN Scanner

| S.N. | Name of Agency | JJM Complaints | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Received | Resolved | Pending |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | PNC_SPML | 881 | 692 | 189 |
| 2 | Megha | 867 | 687 | 180 |
| 3 | VSA-SCL | 149 | 135 | 14 |
| 4 | VTL | 86 | 61 | 25 |
| 5 | Gayatri-Remaki | 77 | 69 | 8 |
| | Total | 2060 | 1644 | 416 |

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।

3– स्कूल/आंगनबाड़ी केन्द्र में पेयजल आपूर्ति की स्थिति –

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत स्कूल/आंगनबाड़ी केन्द्र में पेयजल आपूर्ति की स्थिति निम्नवत है –

| School Anganwadi Status - Barabanki | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | School Details | | | Anganwadi Details | | |
| Block | Total School | Connection Status | Supply Status | Total Anganwadi | Connection Status | Supply Status |
| Bani Kodar | 138 | 84 | 64 | 157 | 94 | 53 |
| Banki | 145 | 45 | 40 | 184 | 24 | 22 |
| Dariyabad | 162 | 53 | 54 | 168 | 97 | 51 |
| Dewa | 166 | 92 | 70 | 194 | 86 | 65 |
| Fatehpur | 180 | 118 | 112 | 208 | 143 | 137 |
| Haidargarh | 194 | 145 | 128 | 173 | 101 | 77 |
| Harakh | 178 | 117 | 90 | 179 | 99 | 78 |
| Masauli | 142 | 115 | 80 | 176 | 99 | 80 |
| Nindaura | 189 | 70 | 48 | 205 | 50 | 36 |
| Puredalai | 104 | 28 | 23 | 132 | 26 | 20 |
| Ramnagar | 175 | 69 | 45 | 187 | 64 | 44 |
| Siddhaur | 211 | 79 | 68 | 181 | 48 | 41 |
| Sirauli Gauspur | 132 | 54 | 27 | 170 | 57 | 33 |
| Suratganj | 232 | 94 | 50 | 253 | 101 | 81 |
| Triveniganj | 178 | 74 | 65 | 164 | 78 | 67 |
| **Grand Total** | **2526** | **1237** | **964** | **2731** | **1167** | **885** |

अधिशाषी अभियन्ता–जल निगम को निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही समस्त स्कूल/आंगनबाड़ी में पेयजल कनेक्शन करते हुए जलापूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

4–नल जल मित्र–

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अन्तर्गत निम्न संख्या में नल जल मित्र बनाया जाना अवशेष है।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | कुल ग्राम पंचायत | दिनांक 18.05.2026 तक ग्राम पंचायत, जहां नल जल मित्र बनाये जा चुके हैं। | दिनांक 18.05.2026 को अवशेष | दिनांक 23.06.2026 तक ग्राम पंचायत, जहां नल जल मित्र बनाये जा चुके हैं। | दिनांक 23.06.2026 को अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bani Kodar | 87 | 37 | 50 | 46 | 41 |
| 2 | BANKI | 62 | 47 | 15 | 51 | 11 |
| 3 | Dariyabad | 71 | 31 | 40 | 40 | 31 |
| 4 | Dewa | 88 | 52 | 36 | 60 | 28 |
| 5 | Fatehpur | 92 | 53 | 39 | 75 | 17 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | Masauli | 56 | 38 | 18 | 39 | 17 |
| 9 | Nindaura | 88 | 50 | 38 | 51 | 37 |
| 10 | Puredalai | 51 | 39 | 12 | 42 | 9 |
| 11 | Ramnagar | 75 | 62 | 13 | 67 | 5 |
| 12 | Siddhaur | 96 | 59 | 37 | 71 | 25 |
| 13 | Sirauli Gauspur | 73 | 52 | 21 | 54 | 19 |
| 14 | Suratganj | 103 | 61 | 42 | 74 | 29 |
| 15 | Triveniganj | 66 | 36 | 30 | 34 | 32 |
| | **Total** | **1154** | **701** | **453** | **813** | **341** |

निर्देश दिये गये कि जिला पंचायत राज अधिकारी नल जल मित्र गठन में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को वांछित सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।

**5– खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा निरीक्षण की गयी योजनाओं की रिपोर्ट–**

जनपद अन्तर्गत 80 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली 294 नग पेयजल योजनाओं में से माह मई में 45 नग पेयजल योजनाओं का निरीक्षण सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से कराया गया, स्थिति निम्नवत पायी गयी –

## पाइप पेयजल परियोजनाओं की स्थलीय सत्यापन रिपोर्ट

| क0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | पेयजल परियोजना का नाम | शिरोपरि जलाशय के कार्य का प्रतिशत | बिछाये जाने हेतु अवशेष पाइप लाइन (किमी0 मी) | अवशेष हाउस कनेक्शन | पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी रोड की पुर्नस्थापना | | योजनान्तर्गत सम्मिलित राजस्व ग्राम में पेयजल आपूर्ति की स्थिति आंशिक /पूर्ण , बन्द | पम्प हाउस | बाउण्ड्री वाल | कैम्पस डेवलपमेन्ट का कार्य | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | तोड़ी गयी रोड (किमी0 मी) | पुर्नस्थापित की गयी रोड (किमी0में ) | | | | | |
| 1 | फतेहपुर | नौंदकुई | 90 | 0.616 | – | 6.098 | 6.098 किन्तु 7 मी0 रोड राम सिंह के घर से स्वामी दयाल के घर तक पुर्नस्थापित की जानी है। | पानी की सप्लाई सोलर पम्प के माध्यम से की जा रही है। | पूर्ण है, परन्तु पम्प हाउस के अन्दर पानी की लिकेज पायी गयी जिसे ठीक कराये जाने की आवश्यकता है। | पूर्ण है। | अवशेष है। | कभी कभी पाइप लाइन टूट जाती है जिसके कारण जलापूर्ति बाधित हो जाती है जिसे ठीक कराने की व्यवस्था की जाये। |
| | | अचैया | 90 | 0.047 | 68 | 4.491 | 4.491 किन्तु मरम्मत ठीक न होने के कारण वर्षा ऋतु में जल भराव होने की सम्भावना है। | पानी की सप्लाई कीजा रही है जिससे पानी का प्रेशर कम है। | पूर्ण है। | कार्य किया गया है। | कुछ कार्य अवशेष है। | पेयजल आपूर्ति के साथ क्लोरीन नहीं डाली गयी है। अचैया एवं ढखौली जाने वाली पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण एक माह से पानी आपूर्ति बाधित है। |
| | | बड़ागाँव | अपूर्ण है। | 0.614 | 45 | 2.194 | रोड बना दी गयी है किन्तु मरम्मत ठीक न होने के [illegible] | आपूर्ति से बिजली से की जा रही है । | निर्माण किया गया है परन्तु संचालित नहीं है। | निर्माण किया गया है। | कार्य किया गया है। | किन्तु [illegible] न आने के कारण 6 माह से पानी की आपूर्ति बाधित है |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | की सम्भावना है। | | | | | |
| 2 | बंकी | पलिया मसूदपुर | 80 | 0.68 | 120 | 4.2 | 3.70 | आंशिक | पम्प हाउस का प्लास्टर बाहर से टूटा हुआ है।फर्श निम्न स्तर की पायी गयी । रंगाई पुताई नहीं हुई है। | कार्य बहुत ही निम्न स्तर का है। रंगाई पुताई अवशेष है। | कुछ भी नही कराय ा गया है। | पानी की टंकी के सीढ़ियों की रेलिंग में बहुत हल्की पाइप का प्रयोग हुआ है। जो कि बहुत क मजोर है। सीढ़ियो पर चढ़ते समय दुर्घटना होने की सम्भंवना रहेगी। 0.50 किमी रोड की मरम्मत नहीं करायी गयी है। पानी की टंकी की रंगाई पुताई का कार्य अवशेष है। |
| | | मिटौली कला | पूर्ण। | 0.600 | 323 | 2.577 | 1.65 | आंशिक | लगभग 85 प्रति पूर्ण | 95 प्रतिशत पूर्ण , रंगाई पुताई कार्य अवशेष | कैम्प स डेवल पमेन्ट का कार्य नहीं हुआ है। | उपरोक्त। |
| | | छेदा नगर | पूर्ण | – | कुछ घर छूट गये है। | 4.189 | 4.189 | पूर्ण। | पूर्ण है। | पूर्ण है। | पूर्ण है। | परन्तु टंकी ओवरफ्लो होने पर पानी बहने हेतु नाली नहीं बनायी गयी तथा पेड़ पौधे नहीं लगाये गये तथा सीढ़ी की रेलिंग की गुणवत्ता ठीक नहीं है। |
| 3 | त्रिवेदी गंज | रामनगर | पूर्ण। | 1.747 | 185 | 6.842 | पुर्नस्थापना का कार्य नहीं कराया गया । ग्राम प्रधान मार्ग को ठीक कराया गया है। | 12 मजरो के सापेक्ष 3 मजरों में पानी आपूर्ति बाधित है। दयाल गंज, छत्रपति खेड़ा एवं ज्ञानवती खेड़ा में। | पूर्ण | पूर्ण है। | इण्टर लाकिं ग का कार्य हुआ है। | डेवलप मेंट का कार्य नहीं हुआ, जिससे परिसर उबड़ खाबड़ है। नाली का कार्य अधूरा है। |
| | | इसनपुर | पूर्ण | पूर्ण | 128 | 2.172 | पुर्नस्थापना का कार्य नहीं कराया गया । ग्राम प्रधान द्वारा मार्ग को ठीक कराया गया है। | हाउस कनेक्शन के सापेक्ष पेयजल आपूर्ति पूर्ण है। | पूर्ण | पूर्ण | उपरो क्त। | कुछ जगहों पर लिकेज की समस्या है। पानी का प्रेशर कम है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तेजवापुर मारुफपुर जलापूर्ति योजना | 70 प्रतिशत | 7.2 | 620 | 12.300 | पुर्नस्थापन का कार्य नहीं हुआ है। रोड केवल 60 प्रतिशत मोटरेबल हुआ है। शरैया व पूरेपीसा दो मजरो में रोड तोड़कर जोड़ दिया गया है जिससे गड्ढा बना हुआ है। | अपूर्ण | अपूर्ण | अपूर्ण | अपूर्ण | 1—मारुफपुर में लाइन बिछाने का कोई कार्य नहीं हुआ है। 2—मारुफपुर में कोई कनेक्शन नहीं हुआ है। |
| 4 | निन्दूरा | पिलाहटी हैदराबाद एवं ददेरा | 50 | 40 प्रति० कार्य अवशेष है। | 623 | 18.098 | 20 प्रतिशत कार्य कराया गया। | सोलर यंत्र स्थापित , पेयजल की आपूर्ति बाधित। | पम्प हाउस निर्मित है। क्रियाशील नहीं। | पूर्ण | कोई कार्य नहीं किया गया। | हाउस कनेक्शन मुख्य द्वार पर छोड़ दिये गये है। ग्राम पिलहटी हैदराबाद में जल संयोजनों की संख्या शून्य है। |
| | | अगासण्ड —पड़री | कार्य पूर्ण है, किन्तु अक्रिया—शील है । डोम में लिकेज । | 70 पूर्ण | 345 अव शेष | 2.498 | 400 मी० का कार्य अगासण्ड में किया गया है किन्तु पड़री में कोई कार्य नहीं कराया गया है। | सोलर संयत्र स्थापित नहीं है जलापूर्ति पूर्ण रूप से बाधित । | पम्प हाउस निर्मित है परन्तु बालूयुक्त एवं दूषित पानी दे रहा है। | बाउण्ड्री वाल निर्मित है किन्तु मुख्य गेट गिरा हुआ है। | कार्य प्रगति पर है कैम्प स में जंग ल झाड़ी उगी हुई है। | — |
| | | लिलौली | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | 4.584 | 4.584 | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण है। | — |
| 5 | देवा | कुशुम्भा | 90 | 5.779 | 94 | 00.62 | 00.32 | जलापूर्ति जनरेटर के माध्यम से की जा रही है। सोलर सिस्टम लगाना अवशेष है। | क्लोरी चैम्बर स्थापित किया जाना अवशेष | पूर्ण। | इण्ट लाकिंग, नाली एवं रिचार्ज पिट /वृक्षारोपण का कार्य अवशेष । | परियोजना ग्राम पंचायत के बगल में निर्मित नहर की दूसरी तरफ स्थापित है। अतः पाइप लाइन पुलिया के बगल से कलेंपिंग किया जाना नितान्त आवश्यक है; अन्यथा की दशा में पाइप लाइन वाहनों द्वारा क्षतिग्रस्त होती रहेगी। |
| | | अजगना | 100 | 12.523 | 11 | 12.53 किमी० | 50 मी० रोड बनाये जाने की आवश्यकता है। | जलापूर्ति सोलर / जनरेटर के माध्यम से की जा रही है। | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण है। | वृक्षारोपण कार्य कराये जाने की आवश्यकता है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | टाई कला | 90 | 10.983 | 262 | 10.893 किमी0 | 200 मी0 रोड पुर्नस्थापना हेतु अवशेष | आंशिक, | मोटर कीआई फिटिंग व क्लोरीन चैम्बर सीपना हेतु अवशेष । | पूर्ण है। | अपूर्ण है। | इण्टरलाकिंग, नाली एवं रिचार्ज पिट का कार्य अवशेष। |
| 6 | मसौली | याकूतगंज | 95 | 14.28 किमी0 बिछायी गयी 1.50 अवशेष | 206 | 7.00 किमी0 रोड तोड़ी गयी । | 0.50 किमी0 अवशेष | आंशिक आपूर्ति । | पूर्ण है। | पूर्ण है। | कोई कार्य नहीं किया गया। | – |
| 7 | हैदरगढ़ | हरपाल पुर | पूर्ण | 300 | 25 | 4.5 किमी0 | 4.5 किमी 0 | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण। | – | – |
| | | गगापुर संसारा | पूर्ण | 500 | 105 | 508 किमी0 | 5 किमी. आंशिक लिकेज | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | | – |
| | | कनवा खेमा | अपूर्ण है। | 5 किमी0 | 537 | 8.5 किमी0 | 8.1 किमी0 अवशेष | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| 8 | हरख | अजपुरा | 70 | 4.450 लगभग | 276 | 8.600 लगभग | 3.400 रोड पुर्नस्थापित की गयी , रोड कुछ स्थानों पर धंस गयी है जिससे जल भराव की स्थिति बनी हुई है जिसको पुनः सही कराने की आवश्यकता है। | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | शहजादपुर में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। |
| | | कोलागहय डी | 50 | 5.720 लगभग | 691 | 7.870 लगभग | 2.300 किमी –स्थिति –उपरोक्त। | पूर्ण | अपूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | लगभग 6 माह से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। |
| | | बरौली | 100 | 0.250 लगभग | लगभग 6 | 5.370 लगभग | 3.220 किमी0–स्थिति –उपरोक्त। | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | आपूर्ति हो रही है। |
| 9 | पूरेडलई | चांदामऊ | 90 | पूर्ण | पूर्ण | 5.12 कि0मी0 | 4.45 कि0मी0 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण है। | 90 प्रति0 | पानी की आपूर्ति की जा रही है, प्रेशर कम। |
| | | सरायदुनौली | 100 | पूर्ण | पूर्ण | 5.03 कि0मी0 | 4.50 कि0मी0 | आंशिक | पूर्ण, क्लोरीन मशीन मौके पर चालू नहीं है | पूर्ण, रंगाई–पुताई का कार्य किया जा रहा है। | 100 प्रति0 | – |
| | | रानीमऊ | 80 | पूर्ण | पूर्ण | 3.70 कि0मी0 | 2.90 कि0मी0 | आंशिक | पूर्ण, क्लोरीन मशीन नहीं है। | पूर्ण, रंगाई पुताई का कार्य पूर्ण नहीं | 70 प्रति0 | – |
| 10 | सिरौली गौसपुर | खजुरिहा | 30 | 8 कि0मी0 | 456 | 6.3 कि0मी0 | 6.1 कि0मी0 | पेयजल आपूर्ति बन्द है | पूर्ण, बोर में पीडवेल फिलिंग नहीं हुयी है व क्लोरीन भी नहीं है। | पूर्ण है। | कोई कार्य नहीं कराया गया है। | – |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मैसुरिया | 95 | पूर्ण | 13 | 4.6 कि0मी0 | 4.4 कि0मी. | लो वोल्टेज के कारण पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। | पूर्ण | पूर्ण है। | 80 प्रति0 | – |
| | | चौखण्डी | 95 | 6.89 कि0मी0 | 429 | 2.71 कि0मी0 | 2.115 कि॰मी॰ रोड मैनुअली रेस्टोर की गयी है, जो कि अपने मूल स्वरूप में नहीं है। | पानी सप्लाई बन्द है | पूर्ण, बोर में भी ग्रेवेल फिलिंग नहीं हुयी है व क्लोरीन भी नहीं है | पूर्ण है। | कोई कार्य नहीं कराया गया है। | 0.386 कि॰मी॰ HDD के माध्यम से रेस्टोरेशन कार्य किया गया है, जिसमें 88 ज्वाइंटर लगाये गये हैं, 16 ज्वाइंटर लगाना शेष है। |
| 11 | सिद्धौर | सरसा | 100 प्रति0 | 0.264 कि0मी0 | 100 | 4.3 कि0मी0 | रोड बना दी गयी है किन्तु कार्य की गुणवत्ता बहुत खराब है। | मौके पर मोटर खराब पायी गयी। | पूर्ण है, पम्प हाउस की मशीनें क्रियाशील नहीं हैं। | पूर्ण है, गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पायी गयी। | अपूर्ण | – |
| 12 | रामनगर | चन्दनापुर | 100 प्रति0 | पूर्ण | पूर्ण | 1.742 | 1.742 | 0.700 | पूर्ण | पूर्ण | 80 प्रति0 | – |
| 13 | सूरतगंज | मीसण्डी | 100 प्रति0 | पूर्ण | 42 | 9.319 कि0मी0 | 8 कि0मी0 | आंशिक, पानी का प्रेशर कम है, सोलर पैनल में इन्वर्टर व बैटरी नहीं लगी है। | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण, कैम्पस अन्दर काफी गन्दगी पायी गयी। | – |
| | | पर्वतपुर | 30 प्रति0 | 16.62 कि0मी0 | अधिकांश कनेक्शन अवशेष | 6.20 कि0मी0 | 5.30 कि0मी0 | आपूर्ति बन्द, सोलर में बैटरी लगी नहीं पायी गयी। | पूर्ण, बोर में ग्रेवेल फिलिंग नहीं हुयी है व क्लोरीन मशीन भी नहीं है | पूर्ण, परन्तु प्लास्टर, पेंट व गेट का कार्य अभी नहीं हुआ है | कार्य नहीं कराया गया है, कैम्पस अन्दर काफी गन्दगी पायी गयी। | – |
| 14 | दरियाबाद | जेठौती राजपुतान | 100 | 0.0 | पूर्ण है | 3.10 किमी0 | 0.10 किमी0 सड़क अपने मूल रूप में नहीं। | पूर्ण है। | पम्प हाउस पूर्ण। पम्प हाउस की सीढ़ियों में क्रेक पाया गया, गुणवत्ता संतोषजनक नहीं। | 100 प्रतिशत पूर्ण | पूर्ण। | – |
| | | अरियामऊ | 90 | 0.73 | 97 | 10.80 किमी0 | | | 90 प्रतिशत पूर्ण। | 100 प्रतिशत पूर्ण | 100 प्रति0 पूर्ण | रेण्डम चेकिंग में एक कनेक्शनर में लीकेज होने के कारण |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | जल की गुणवत्ता दूषित पायी गयी। |
| 15 | बनीकोडर | सकौली | 95 प्रति0 | 10345.0 | 200 नग | 4554 मी0 | 2554 मी0 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | 80 प्रति0 पूर्ण | – |
| | | तोरई गॉव | 85 प्रति0 | 15.00 किमी0 | 255 नग | 10.26 किमी0 | 9426 मी0 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | 80 प्रति पूर्ण | – |

खण्ड विकास अधिकारियों एवं नामित तकनीकी अभियन्ताओं के संयुक्त सत्यापन में उपरोक्तानुसार कमियाँ पायी गयी है। अचैचा पाइप पेयजल योजना–फतेहपुर के सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित सहायक अभियन्ता श्री जफर अहमद से जानकारी चाही गयी किन्तु उनके द्वारा कोई सही जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसपर सहायक अभियन्ता–जल निगम को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये।

(कार्यवाही अधिशाषी अभियन्ता–जल निगम)

इसके पूर्व भी निम्न पेयजल परियोजनाओं का सत्यापन कराया गया था, जिसमें बहुत सी कमियाँ पायी गयी थी, जिन्हें ठीक कराकर अवगत कराये जाने के निर्देश गत बैठक में दिये गये थे, किन्तु उनके सम्बन्ध में की गयी कृत कार्यवाही की आख्या अधिशाषी अभियन्ता द्वारा बैठक में प्रस्तुत नहीं की गयी, इससे स्पष्ट है कि सत्यापन में पायी गयी कमियों का निराकरण न कराकर उन्हें अनदेखा किया जा रहा है।

अधिशाषी अभियन्ता–जल निगम एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये कि गत सत्यापन में पायी गयी निम्न कमियाँ एवं उक्त पायी गयी कमियों का निराकरण एक माह में कराकर कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या अगली बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये।

**गत माह की सत्यापन रिपोर्ट**

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | पेयजल परियोजना का नाम | शिरोपरि जलाशय के कार्य का प्रतिशत | बिछाये जाने हेतु अवशेष पाइप लाइन (किमी0 में) | अवशेष हाउस कनेक्शन | पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी रोड की पुर्नस्थापना | | योजनान्तर्गत सम्मिलित राजस्व ग्राम में पेयजल आपूर्ति की स्थिति आंशिक /पूर्ण बन्द | पम्प हाउस | बाउण्ड्रीवाल | कैम्पस डेवलपमेन्ट का कार्य | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | तोड़ी गयी रोड (किमी0 में) | पुर्नस्थापित की गयी रोड (किमी0में ) | | | | | |
| 1 | मिहींर | अमसेरूवा | 95 प्रतिशत | 0 | 25 नग | 2.69 | 2.53 ग्रामीण के अनुसार रोड उबड़ खाबड़ है, कार्य संतोषजनक नहीं है। | अमसेरूवा–पूर्ण टिकरिया –बन्द | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| | | पश्चिम बेलॉव | पूर्ण | 0 | 4 | 5.89 | 5.69 ग्रामीण के अनुसार रोड उबड़ खाबड़ है, कार्य संतोषजनक नहीं है। | पश्चिम बेलाव–पूर्ण कुशुम्भी –आंशिक पिपरी डार– बन्द | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | – |
| | | लाखूपुर | 80 प्रतिशत | 0 | 20 | 6.19 | 4.50 ग्रामीण के अनुसार रोड उबड़ खाबड़ है, कार्य संतोषजनक नहीं है। | लाखूपुर –आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | |
| 2 | विजयी गंज | मनोहरपुर | पूर्ण | 0.03 किमी (गजरा ब्रहमण का पुरवा व शाहपुर में पाइप लाइन नहीं बिछा है, जिसे बिछाने की आवश्यकता है। | 15 | 1.137 | 1.137 (पुर्नस्थापित की गयी रोड कुछ स्थानों पर धंस गयी है जिसमें जल भराव की स्थिति बनी हुई है, सही कराने की आवश्यकता है) | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | गोवरहा उस्मानपुर | पूर्ण | पूर्ण | 30 | 2.179 | 2.179 (पुर्नस्थापित की गयी रोड कुछ स्थानों पर धंस गयी है जिसमें जल भराव की स्थिति बनी हुई है, सही कराने की आवश्यकता है ) | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | |
| | | सोनिकपुर | 95 प्रतिशत पूर्ण है रंगाई पुताई अवशेष है। | पूर्ण | 662 | 4.552 | 1.781 (पुर्नस्थापित की गयी रोड कुछ स्थानों पर धंस गयी है जिसमें जल भराव की स्थिति बनी हुई है, सही कराने की आवश्यकता है ) | आंशिक | अपूर्ण | अपूर्ण | अपूर्ण | |
| 3 | हसवा | आदनपुर भटपुरा | 100 | 0 | कार्यदायी संस्था के अनुसार अवशेष कनेक्शन –56 जबकि सत्यापन में लगभग अवशेष कने0–175 | 6.616 | 6.256 (पुर्नस्थापित की गयी रोड कुछ स्थानों पर धंस गयी है जिसमें जल भराव की स्थिति बनी हुई है, सही कराने की आवश्यकता है) | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | मजरा भटपुरा [illegible] में 50 प्रतिशत में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। |
| | | आलमपुर गयासपुर | 80 | 0.8145 | 269 | 3.040 | 2.240 (उपरोक्त स्थिति ) | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | मजरा गयासपुर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य अवशेष |
| | | शाहपुर | 50 | 0.640 | 28 | 5.227 | 5.102 (उपरोक्त स्थिति ) | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | विरईपुर, टेंसी चमरही में वाटर सप्लाई नहीं हो रही है। |
| 4 | दरियाबाद | सूरी | 80 | 0.400 | 118 | 6.50 | जगह–जगह पर पैचिंग वर्क हुआ है। परन्तु पूर्व की स्थिति में रोड नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार रोड उबड़ खाबड़ है, कार्य संतोषजनक नहीं है। | बन्द है। | 80 | पूर्ण है , | अपूर्ण | परन्तु कार्य संतोषजनक नहीं है। जगह–जगह पर टूटा फूटा है। |
| | | इटौंजा | 80 | 1.20 | 266 | 5.72 | | डायरेक्ट सप्लाई दिया जा रहा है।आंशिक एरिया में टंकी से कनेक्शन नहीं है। | 80 | कार्य संतोषजनक नहीं है। | अपूर्ण | जगह–जगह पर टूटा फूटा है। द्वितीय कोड रंगाई पुताई का कार्य अवशेष है। |
| | | पतुलकी | 80 | 2.32 | 167 | 4.189 | | बन्द है। | 80 | कार्य संतोषजनक नहीं है। | अपूर्ण | जगह–जगह पर टूटा फूटा है। प्लास्टर व रंगाई पुताई का कार्य अधूरा है। |
| 5 | हैदरगढ़ | सरॉय पावत | पूर्ण | 01 किमी0 | 30 | 7 किमी0 | 06 किमी0 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| | | गोला | पूर्ण | 500मी | 40 | 8 किमी0 | 08 किमी0 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| | | कनवा | अपूर्ण | 1500 मी0 | 120 | 05 किमी0 | 0 | बन्द है। | अपूर्ण | अपूर्ण | अपूर्ण | – |
| 6 | बनीकोडर | सड़वा मेंदू | 70 | 0 | 6 | 9.2 | 1 किमी0 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| | | सुलेमपुर | पूर्ण | 0 | 15 | 7.1 | 80 मी0 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| | | खुरोहटी | 70 | 0 | 20 | 6.7 | 100 मी0 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| 7 | देवा | महमूदाबाद | 85 बीडा आउट चैम्बर एवं पिलिंथ प्रोटेक्शन कार्य अवशेष | 190मी0 | 184 | 2.62 | 2.30 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | इण्टरलॉकिंग, नाली एवं रिचार्ज पिट का कार्य होना अवशेष। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | हरई | 85 | 100 मी0 | 214 | 4.2 किमी0 | 4.0 किमी, श्री गोकाई विनोद, नन्हे लाल आदि के दरवाजे जो कि नये हाउस कनेक्शन स्थापना हेतु तोड़ी गयी सड़क के पुर्नस्थापना का कार्य अवशेष है। | जलापूर्ति की जा रही है। | पूर्ण | पेंटिंग कार्य पुनः कराये जाने की आवश्यकता है। गुणवत्ता संतोषजनक है। | इण्टरलॉकिंग, नाली एवं रिचार्ज पिट का कार्य होना अवशेष है। | ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम बबुरिहा में ग्राम से 600 मी0 दूरी पर स्थित मोहारी बाग में दो घरों में कनेक्शन हेतु विशेष बल दिया गया। |
| | | इब्राहिमपुर कला | 65 | 390 मी0 अतिरिक्त कार्य किया गया है। | 113 | 2.40 | 1.8 किमी0, 600 मी0 रोड के पुर्नस्थापना होना अवशेष। | जलापूर्ति की जा रही है। | अपूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | इण्टरलॉकिंग, नाली एवं रिचार्ज पिट का कार्य होना अवशेष। |
| 8 | बंकी | जहाँगीराबाद | 95 | 0 | कनेक्शन सभी घरों में दिये गये है परन्तु कुछ टोटी एवं पाईप टूटे हुए एवं उचित गहराई में नहीं डाले गये है। | 10.39 किमी0 लगभग | 06 किमी0 लगभग | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | — |
| | | मोहिउद्दीपुर | 60 | 0 | 250 घरों में कनेक्शन होना अवशेष है। | 6.16 किमी0 लगभग | 3.66 किमी0 लगभग | आंशिक | पूर्ण है, परन्तु फर्श टूटी हुई है। | रंगाई पुताई अवशेष। | पुर्नता या कार्य अवशेष है। | — |
| | | पलियामसूदपुर | 25 | 3.30 | 200 घरों में कनेक्शन होना अवशेष है। | 04 किमी0 लगभग | 1.75 किमी0 लगभग | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण | पुर्नता या कार्य अवशेष है। | किन्तु पम्प हाउस का प्लास्टर टूटा हुआ है। बाउन्ड्रीवाल तथा फर्श की गुणवत्ता ठीक नहीं है तथा दोनों की रंगाई एवं पुताई नहीं है। |
| | | औरंगाबाद | 95 | 0 | 165 | 344 किमी0 | 2.80 (पुर्नस्थापित की गयी रोड कुछ स्थानों पर धंस गयी है जिसमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। पुनः सही कराने की आवश्यकता है) | पम्प के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | — |
| 9 | फतेहपुर | मीरनगर एवं खैरा | 80 | 0 | 121 | 7.5 किमी0 | 6.63 किमी0 ग्रामीणों के अनुसार रोड ऊबड़ खाबड़ है। कार्य संतोषजनक नहीं है। | शेष 02 मजरों में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त कर दिये जाने के कारण जलापूर्ति बाधित है। | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | — |
| | | चंदूपुर | 85 | 0 | 139 | 5.30 किमी0 | 4.90 किमी0 ग्रामीणों के अनुसार रोड ऊबड़ खाबड़ है। कार्य संतोषजनक नहीं है। | पम्प के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | — |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | सिन्दूरा | दरौवा | 80 | 5.12 | 288 | 6.80 किमी0 | 6.50 किमी0 | चालू है। | पूर्ण | 01 पूर्ण है , 01 में रंगाई पुताई नहीं है। | कार्य नहीं हुआ है। | भवन, कुछ भाग तक पाइप लाइन नहीं बिछायी है। पानी की आपूर्ति अभी नहीं की रही है। |
| | | ददेरा | 100 | 0 | 0 | 2.218 किमी0 | 2.18 किमी0 | चालू है। | पूर्ण | पूर्ण | पूर्ण | |
| | | पतवलपारी | 40 निर्माणाधीन | पूर्ण | 51 | 5.160 किमी0 | 5.160किमी0 | पम्प के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। | पूर्ण | पूर्ण | शून्य | सुबह शाम पानी सप्लाई की रही है। |
| 11 | सिरौली गौसपुर | मैलापुर | 90 | पूर्ण | 14 | 3.80 किमी | 3.40 किमी0 | पम्प के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| | | गिदरा | 80 | 1.38 | 112 | 2.62 किमी0 | 2.40 किमी0 | पम्प के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| | | रम्सहाय | 80 | 1.1 | 251 | 4.95 कमी0 | 4.65 किमी0 | पम्प के माध्यम से आपूर्ति की जा रही है। | पूर्ण | 75 प्रतिशत | अपूर्ण | – |
| 12 | पुरेडलई | चौदामऊ | 90 | 0 | 0 | 5.12 किमी0 | 4.45 किमी0 कुछ स्थानों पर रोड बैठ गयी है जिसकी पुर्नस्थापना की आवश्यकता है। | आंशिक रूप से चालू की गयी है। | पूर्ण | पूर्ण है। | 80 प्रति0 कार्य हुआ है। | सोलर में बैट्री व इन्वर्टर नहीं लगा है जनरेटर भी नहीं है। क्लोरीन मशीन मौके पर चालू नहीं पायी गयी। |
| | | सरौय दुनौली | 100 | 0 | 0 | 5.03 किमी0 | 4.50 किमी0, कुछ स्थानों पर रोड बैठ गयी है जिसकी पुर्नस्थापना की आवश्यकता है। | आंशिक रूप से चालू की गयी है। | पूर्ण | रंगाई पुताई का कार्य प्रगति पर है। | कार्य पूर्ण है। परन्तु कैम्पस में रिचार्ज पिट नहीं बना है। | क्लोरीन मशीन मौके पर चालू नहीं पायी गयी। |
| | | रानीमऊ | 80 | 0 | 0 | 3.70 किमी0 | 2.80 किमी0, कुछ स्थानों पर रोड बैठ गयी है जिसकी पुर्नस्थापना की आवश्यकता है। | आंशिक रूप से । | पूर्ण है। | रंगाई पुताई का कार्य प्रगति पर है। | कार्य पूर्ण है। परन्तु कैम्पस में रिचार्ज पिट नहीं बना है। | क्लोरीन मशीन मौके पर चालू नहीं पायी गयी। |
| 13 | रामनगर | बिठौरा,दवीरा एवं तालपुर | अपूर्ण | 3 किमी0 | 600 | 17किमी0 | 18 किमी0 | बन्द है। | 90 | 75 | शून्य | पुर्नस्थापित मार्ग में से 1.5 किमी0 क्षतिग्रस्त हो गयी है जिसके मरम्मत की आवश्यकता है। |
| | | गोपालपुर | पूर्ण | 1.5 किमी0 | 115 | 10.53 किमी0 | 10.53 किमी0 | आंशिक | पूर्ण | पूर्ण है। | शून्य | पुर्नस्थापित मार्ग में से 1.1 किमी0 क्षतिग्रस्त हो गयी है जिसके मरम्मत की आवश्यकता है। |
| | | बरियारपुर एवं गोन्दौरा | पूर्ण | 5.8 किमी0 | 593 | 2.2 किमी0 | 2.2 किमी0 | बन्द है। | 90 | 80 प्रतिशत | शून्य | पेयजल आपूर्ति बन्द है। |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | सुल्तानगंज | उमरी–2 | 90 पानी अभी बोर से ओवर हैण्ड टैंक में नहीं जा रहा है बल्कि सीधे जुड़ा है। | 0 | 56 | 1.95 किमी | 0.5 किमी0 | आंशिक रूप से । | पूर्ण | रंगाई पुताई का कार्य प्रगति पर है। | 80 | परन्तु कैम्पस में रिचार्ज पिट नहीं बना है तथा कावर हेतु बनाये गये वाटर चैम्बर पर ढक्कन नहीं पाया गया। |
| | | सैलक जलालपुर | 95 पानी अभी बोर से ओवर हैण्ड टैंक में नहीं जा रहा है बल्कि सीधे जुड़ा है। | 2.50 | 310 | 4.00 किमी | 3.5 किमी0 | आंशिक रूप से। | पूर्ण है। | पूर्ण | 15 प्रतिशत | क्लोरीन मशीन मौके पर चालू नहीं पायी गयी। |
| | | दौलतपुर | 75 | 1.50 | 250 | 10.30 किमी | 8.90 किमी0 | आंशिक | पूर्ण है। | पूर्ण | कार्य नहीं पाया गया। | परन्तु कैम्पस में रिचार्ज पिट नहीं बना है वाटर चैम्बर पर ढक्कन नहीं पाया गया। |
| | मरसौली | प्रतापगंज | 70 | 0.603 | 115 | 2.90 किमी | 2.40 किमी0 प्रमोद गुप्ता ,विजय गुप्ता एवं रमेश यादव के घर के पास सी0सी0रोड ग्रामीणों के अनुसार उबड़ खाबड़ है कार्य संतोषजनक नहीं है। | एन0एच0 एवं वन विभाग की अनापत्ति प्राप्त न होने के कारण जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं है। | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| | | उमौली | पूर्ण | 2.27 | 711 | 14.05 किमी | 12.25 किमी0 दीपचन्द के घर के सामने, ठाकुरबक्शपुरवा, मैं समरेश के घर से शिव के घर तक खड़न्जा, देवी दीनपुरवा में मधुकर के घर से रामनरेश के घर तक खड़न्जा व इन्टरलाकिंग उबड़ खाबड़ है , कार्य संतोषजनक नहीं है। | एन0एच0 एवं वन विभाग की अनापत्ति प्राप्त न होने के कारण जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं है। | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |
| 15 | | धरौली | 70 | 1.0 | 38 | 3.55 किमी | 3.10 किमी0 लल्लू कोटेदार के हाता से सुरेश के घर तक खड़न्जा मरम्मत कार्य एवं लक्ष्मण के घर से सीताराम के घर तक ग्रामीणों के अनुसार खड़न्जा उबड़ खाबड़ है । कार्य संतोषजनक नहीं है। | पम्प के माध्यम से चालू | पूर्ण | पूर्ण | अपूर्ण | – |

यह भी निर्देश दिये गये कि 80–100 प्रतिशत के मध्य अपूर्ण 294 नग पेयजल योजनाओं में उचित मैनपावर लगाते हुये गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। साथ ही रोड पुर्नस्थापना कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाते हुए तोड़ी गयी रोडों को पूर्व की भांति पूर्ण कराकर शतप्रतिशत मार्ग के पुर्नस्थापना की कार्यवाही की जाये।

(कार्यवाही अधिशाषी अभियन्ता–जल निगम एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्थायें)

Scanned with OKEN Scanner

6– अन्य बिन्दु –

बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के कार्यों में कुछ ग्राम प्रधानगणों द्वारा अपेक्षित सहयोग नही किया जा रहा है जिससे कार्यों की प्रगति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिसपर अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में इस प्रकार की समस्या है, उनमें जल निगम के सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर के भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित करते हुए सूचित करें, जिससे कि आवश्यक सहयोग हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया जा सके।

साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि निरीक्षण में पाई गई कमियों को तत्काल मैनपावर लगाते हुए निर्धारित समयावधि में ठीक करायें तथा इन योजनाओं में अगली बैठक तक अपेक्षित प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त 294 नग पेयजल योजनाओं में उचित मैनपावर लगाते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। रोड पुर्नस्थापना की गुणवत्ता में सुधार करते हुए तोड़ी गयी रोड को पूर्व की भांति बनायी गयी रोड की स्थिति में पुर्नस्थापित करना सुनिश्चित करें। जिन योजनाओं में जलापूर्ति चालू है, उनमें नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा योजनाओं के कार्यो की प्रगति एवं गुणवत्ता का सतत् निरीक्षण एवं अनुश्रवण नियमित रूप से किया जाये एवं अगली बैठक में त्रुटिरहित प्रगति प्रदर्शित की जाये।

**अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।**

(ईशान प्रताप सिंह)
जिलाधिकारी
बाराबंकी

## कार्यालय जिलाधिकारी बाराबंकी

पत्रांक 646 /जल जीवन मिशन/ कार्यो की बैठक/ 2026–27 दिनांक 07/07/ ,2026

**प्रतिलिपि**– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– आयुक्त, अयोध्या मण्डल, अयोध्या।
2– मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
3– अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–3, लो०नि०वि०, बाराबंकी।
4– जिला पंचायत राज अधिकारी, बाराबंकी।
5– अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ कार्य खण्ड, बाराबंकी।
✓6– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण), बाराबंकी।
7– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि० / यां०), उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
8– समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बाराबंकी।
9– समस्त अनुबन्धित कार्यदायी फर्म।

Digitally signed by
ISHAN PRATAP SINGH
Date: 02-07-2026
19:11:13

जिलाधिकारी
बाराबंकी

Scanned with OKEN Scanner